# Jayoti Muhim

बेटी बचाओ बेटी पढाओ

Title Code : RAJBIL01655 Issue 16, Volume 4. December,2018


बेटी बचाओ बेटी पढाओ

## ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर के दसवें वार्षिकोत्सव ''ज्योति उत्सव – 2018'' का सफल आयोजन ''ज्योति विद्यापीठ ने राजस्थान की महिलाओं को ''वीमेन आइकॉन अवार्ड'' से किया सम्मानित'






ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, जयपुर के तत्त्वाधान में दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम ''ज्योति उत्सव 2018'' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन जे.वी.एन विदुषी गर्ग जी ने दीप प्रजवल्लित कर किया। ''ज्योति उत्सव 2018'' के पहले दिन का आगाज छात्राओं द्वारा प्रस्तुत राष्ट्र गीत वन्दे मातरम से रही, जिसके बाद छात्राओं ने गणेश वंदना, और नृत्य नाटिकाओं से हुई तत्पश्चात चेयरपर्सन जेवीएन विदुषी गर्ग जी एवं संस्थापक एवं सलाहकार जेवीएन डॉ.पंकज गर्ग जी द्वारा ''यूनिवर्सिटी रैंक होल्डर के अवार्ड– २०१८'' विजेता छात्राओ की घोषणा की गयी और विजेता छात्राओ को गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल्स एवं सर्टिफिकेट वितरित किये गए . पहले दिन के ज्योति उत्सव – 2018 का मुख्य आकर्षण का केंद्र '' ''मिस पर्सना. लिटी कांटेस्ट'' रहा। जिसके तहत छात्राओं को मिस पर्सनॅलिटी, मिस टैलेंट एवं मिस इंटेलेक्चुअल के सम्मान से नवाजा गया, ''मिस पर्सनालिटी'' का ताज बीएम्एस की पहले वर्ष की छात्रा जेवीएन गरिमा साबू, ''मिस टैलेंट'' का खिताब बी.स.सी बी.एड के पहले वर्ष की छात्रा जेवीएन अपूर्वी गुप्ता एवं बीएनवाईएस के पहले वर्ष की छात्रा जेवीएन हिमानी सिंह राणा म.टेक पहले वर्ष की छात्रा ''मिस इंटेलेक्चुअल'' रही। विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन जे.वी.एन विदुषी गर्ग जी ने विजेता छात्राओं को एप्रन और ताज पहनाकर उनका उत्साह वर्धन किया।

ज्योति उत्सव – 2018 का मुख्य आकर्षण का केंद्र ''वीमेन आइकॉन अवार्ड्स'' रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन जे.वी.एन विदुषी गर्ग के द्वारा राजस्थान की 5 प्रमुख महिलाओं ब्रिग्रेडिएर शीला विज जी, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट लॉयर कविता चौहान जी, देश की प्रथम महिला कुली मंजू देवी जी, महिला कब्बडी प्लेयर शालिनी पाठक जी एवं फायर ब्रिगेड सर्विस वुमन उषा शर्मा जी को उनके विशिष्ट कार्यक्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह से पहले ज्योति उत्सव– 2018 के सम्मानीय मुख्य अतिथि, मेजर जनरल पी.ऐन. अनंथानारायण जी का स्वागत विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन जे.वी.एन विदुषी गर्ग जी ने तामपत्र देकर एवं शॉल ओढ़ाकर किया। इसके बाद ''ज्योति उत्सव 2018'' के डिपार्टमेंट ऑफ फैशन द्वारा प्रस्तुत फैशन शो रही।

मुख्य अतिथि मेजर जनरल पी.ऐन. अनंथानारायण जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि ''छात्राओं को अपने को और सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत करते रहना चाहिए क्योंकि उनकी इस सोच से ही वे खुद को एवं समाज में अन्य महिलाओं को सशक्त कर सकेंगी''। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की चेयरपर्सन जेवीएन विदुषी गर्ग, संस्थापक एवं सलाहकार जेवीएन डॉ.पंकज गर्ग के अलावा विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## Jayoti Vidyapeeth Women's University, Jaipur organized an alumni meet in Academic year 2018.

Alumni from various batches from 2010 to 2018 were present for the meet. The Alumni started arriving in the campus a day prior to the meet and were received by the registration team. They were taken on a campus tour where they revisited the familiar place where they had studied and were shown the various developments that had taken place since then.

The Alumni Meet started with Inauguration by Hon'ble Chairperson Mam followed by Lamp Lightening and reciting National Song.

The meet was stimulating and enjoyable





as all the alumni that were present shared their experiences about their Life at JVWU, updated about their career paths, the contribution they want to make as 'Guru Dakshina' to their alma mater. All the Alumni sincerely expressed their gratitude to the Hon'ble Chairperson Madam & Hon'ble Founder & Advisor for what they are today is due their vision about their soul daughters. Hon'ble Founder & Advisor Sir acknowledged Alumni presence with great happiness and wished them all success for their future

# मानव अधिकार दिवस







मानव अधिकार दिवस हर साल 10 दिसंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। वर्ष 1948 में पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 10 दिसंबर को हर साल इसे मनाये जाने की घोषणा की गयी थी। इसे सार्वभौमिक मानव अधिकार घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासभा के सम्मान में प्रतिवर्ष इसे विशेष तिथि पर मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में मानव अधिकार दिवस आधिकारिक तौर पर 1950 में 4 दिसंबर को स्थापित किया गया था। सभी सदस्य देशों और रुचि लेने वाले संगठनों को इस दिन को मनाने के लिए आमंत्रित किया गया। मानवाधिकार का उच्चायुक्त कार्यालय मानवाधिकारों की घोषणा का (380 के आसपास भाषाओं) में अनुवाद संग्रह और दुनिया भर में वितरण में के लिए गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम समारोह में, उच्चायुक्त द्वारा मानव अधिकारों पर एक वै. श्विक चर्चा भी सामाजिक मीडिया वेबसाइटों के माध्यम से आयोजित की जाती है। मानव अधिकार का अर्थ उन मूल अधिकारों से है, जो सभी को समान रुप से जीवन जीने, स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और एक समान व्यवहार की प्राप्ति का अधिकार प्रदान करता है। ऐसे में कुछ ऐसे मौलिक अधिकार है जो हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है, यह नियम कानून युद्ध बंदियों, कैदियों से लेकर सामान्य नागरिकों तक के लिए बनाए गये है।

1. बोलने की आजादी
2. आजादी और सुरक्षा का अधिकार
3. आर्थिक शोषण के खिलाफ आजाव उठाने का अधिकार
4. रंग, नस्ल, भाषा, धर्म के आधार पर समानता का अधिकार
5. कानून के सामने समानता का अधिकार
6. कानून के सामने अपना पक्ष रखने का अधिकार
7. अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार

मानव अधिकार दिवस मनुष्य के लिए वास्तविक अधिकार प्राप्त करने के लिए दुनिया भर में लोगों द्वारा मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में लोगों के शारीरिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भलें और कल्याण में सुधार करने के लिए मनाया जाता है। इसे मनाने के कुछ महत्वपूर्ण उद्देश्य और कारण निम्न हैः

- दुनिया भर के लोगों के बीच में मानव अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना।
- समग्र मानव अधिकारों की स्थिति में प्रगति के लिये संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रयासों पर जोर देना।
- एक साथ मानव अधिकारों के विशिष्ट मुद्दों को उजागर करने के लिए सहयोग और चर्चा करना।
- इस कार्यक्रम में अल्पसंख्यक समूहों जैसेः महिलाओं, नाबालिगों, युवाओं, गरीबों, विकलांग व्यक्तियों और आदि अन्य को राजनीतिक निर्णय लेने में भाग लेने और मनाने के लिये प्रोत्साहित करना।

**मानव अधिकार दिवस के विषय**

2013 का विषय ''20 सालः अपने अधिकारों के लिए काम" था।

2014 का विषय ''मानवाधिकार के माध्यम से जीवन को बदलने के 20 साल'' था।

वर्ष 2015 में मानव अधिकार दिवस के लिए थीम ''हमारा अधिकार, हमारी स्वतंत्रता, हमेशा'' था।

वर्ष 2016 में मानव अधिकार दिवस के लिए थीम ''आज किसी के अधिकारों के लिए खड़ा था''।

वर्ष 2017 में मानव अधिकार दिवस के लिए थीम ''चलो समानता, न्याय और मानव गरिमा के लिए खड़े हो जाओ'' था।

-JV'n Niketa

## ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय के नेशनल सर्विस स्कीम की छात्राओं द्वारा मानवाधिकार दिवस मनाया गया।

ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय में मानवाधिकार के प्रति जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय के नेशनल सर्विस स्कीम की छात्राओं द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गाँव झरना , देवला ,केशरीसिंहपुरा, कापडियावास , कोटजेवर में गाँव के लोगो के लिए विश्वविद्यालय द्वारा एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय के नेशनल सर्विस स्कीम ने आयोजित किया। इस के अंतर्गत छात्राओं द्वारा रैली निकाल कर गाँव के लोगो को मानवाधिकार के बारे मे सम्पूर्ण जानकारी दी गई। JV'n Prity Ranoliya



## ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गाँवों में जागरूकता हेतु ई.वी.एम. मशीन का किया प्रदर्शन।







ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की छात्राओं द्वारा उन्नत भारत अभियान के तहत गोद लिए गाँव झरना , देवला ,केशरीसिंघपुरा, कापडियावास , कोटजेवर में गाँव के लोगों और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ई.वी.एम. मशीन के बारे समस्त जानकारियां दी गयी।

विश्वविद्यालय की 107 छात्राओं द्वारा पाँचो गाँवों में रैली निकाल कर ई.वी.एम. मशीन का प्रदर्शन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्राओं ने पोस्टर द्वारा ग्रामवासियो को अपने मत की शक्ति के बारे में बताया।

''लोकतंत्र की यही पुकार, वोट देना है अबकी बार हम चुनेंगे सही चुनेंगे, अच्छे को चुनेंगे सच्चे को चुनेंगे'' जैसे नारे लगा कर मतदाताओं को जागरूक किया तथा साथ ही ई.वी.एम. मशीन के बारे में समस्त जानकारी प्रदर्शन के साथ दी। JV'n Devika

## ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय द्वारा एड्स के प्रति जागरूकता पर शिविर का आयोजन







ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ होम्योपैथिक साइंस विभाग के द्वारा **एड्स** दिवस मनाया **गया**।

एड्स बिमारी के प्रति जागरूकता के लिए विश्वविद्यालय की ओर से झरना गांव और कापरियावास गांव में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया यह शिविर ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय के रेड रिबन क्लब और नेशनल सर्विस स्कीम के सहयोग से आयोजित किया गया।

शिविर में विश्वविद्यालय के चिकित्सकों और छात्राओं के द्वारा गांव के विद्यालयों के बच्चों को एड्स के बारे में जानकारी दी गयी चिकित्सकों के द्वारा एड्स की बीमारी के लक्षण, कारण व निराकरण के उपायों पर विचार व्यक्त **किये गये**। शिविर में फ्री मेडिकल कैम्प का भी आयोजन किया गया JV'n Anjalika

# "ज्योति उत्सव – 2018"

















JV'n Anupriya, JV'n Karti

## JAYOTI VIDYAPEETH WOMEN'S UNIVERSITY, JAIPUR

©सर्वाधिकार सुरक्षित

स्वत्वाधिकार, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक डॉ. पंकज गर्ग द्वारा लक्ष्मी ऑफसेट, G–1 मधुवन कॉलोनी टोंक फाटक, जयपुर– 302018 से मुद्रित एवं ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय, वेदान्त ज्ञान वैली, ग्राम झरना, महलां जोबनेर लिंक रोड जयपुर– अजमेर एक्सप्रेस वे जयपुर– 303122 से प्रकाशित।

घोषणा एवं शर्ते: समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र केवल जयपुर होगा। JAYOTI MUHIM(ज्योति मुहिम) में प्रकाशित लेखों, चित्रों एवं अन्य सामग्री से सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। कॉपीराइट उल्लंघन की स्थिति में केवल संबंधित लेखक का ही दायित्व होगा।